




# स्कार्पियो से चार करोड़ रुपये बरामद

## कटनी से मलाड महाराष्ट्र ले जा रहे थे एजेंट, मोतीनगर थाना पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए कार सवार

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर भोपाल मार्ग पर स्थित रतौना से एक कार से 3 करोड़ 98 लाख रुपए बरामद किए गए है जो कि मध्य प्रदेश के कटनी वायपास से सागर, भोपाल, इंदौर के रास्ते महाराष्ट्र के मलाड ले जा रहे थे.**




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात मुखबिर से सूचना पर महाराष्ट्र की कार क्रमांक एमएच 47 बीबी 8843 को रोका गया और पुलिस जांच मे बीच की सीट के पास बने एक विशेष बॉडी बॉक्स मे 3 करोड़ 98 लाख रुपए जब्त किए गए है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशन में की गई कार्रवाई की सूचना जबलपुर आयकर विभाग को दी गई और आयकर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है. पुलिस के अनुसार ही हवाला का रूपया कार मालिक मुकुंद देवड़ा और कार चालक राजेश पटेल ले जा रहे थे, जो कि पूर्व मे भी उपरोक्त मार्ग से निकल चुके थे. पुलिस पूछताछ में ही सामने आया है कि 20 हजार रूपए प्रति ट्रिप के हिसाब से हवाला का करोड़ो रुपए यहा से वहा पहुंचाया जा रहा था. इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से मोबाइल पर निरंतर संपर्क किया गया मगर किसी ने रिसीव नहीं किया.

## युवती ने फांसी लगाई

मालथौन थाना अंतर्गत सेमरा लोधी में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. कारण अज्ञात है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है. थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार कल मंगलवार की सायंकाल सेमरा लोधी निवासी जितेंद्र कुमारी उर्फ प्रियंका रजक उम्र 19 वर्ष ने घर में फांसी लगा ली जो कि अपने दादा-दादी के साथ रहती थी माता-पिता इंदौर में कार्य करते है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## मंत्री कुशवाहा आज सागर में करेंगे समीक्षा

**सागर.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह का जिले का दौरा 19-20 नवंबर को होगा. मंत्री श्री कुशवाह 19 नवंबर को रात्रि 09.30 बजे सर्किट हाउस पहुँचेगें. मंत्री श्री कुशवाहा 20 नवंबर को प्रात: 9 बजे सर्किट हाउस से सिरोंजा के लिए प्रस्थान कर शांतिनाथ धाम में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और विश्वशांति महायज्ञ में सम्मिलित होंगे. इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में संभाग के सामाजिक न्याय, उद्यानिकी तथा एम.पी. एग्रो के अधिकारियों के साथ संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे. बैठक के पश्चात वे दोपहर 2.30 बजे सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होगें.

# किसानों को रोकने स्टेशन छावनी में तब्दील

## किसानों की मांगों को लेकर दिल्ली में किसान आंदोलन में जा रहे किसानों को रोका गया

नवभारत न्यूज

**बीना 19 नवम्बर. अचानक पुलिस का बीना रेलवे स्टेशन का घेराव कर छावनी में तब्दील कर दी गई थी. दरअसल मेगदादु बांध परियोजना को रोकने सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों से आंदोलन करने दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने के लिए रेलवे स्टेशन पर जिलों का पुलिस बल तैनात रहा.**

इस दौरान जीटी एक्सप्रेस के पहुंचते ही पुलिस ने राष्ट्रीय दक्षिण भारतीय नदी संपर्क किसान संगठन के किसानों की तलाश की,लेकिन सभी किसानों को पहले ही नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशन पर उतार लिया गया था, जिससे ट्रेन में अन्य कोई किसान संगठन के सदस्य नहीं मिले. ट्रेन को दिल्ली रवाना कर दिया.



इस दौरान तैयारी का जायजा लेने के लिए डीआइजी,एडिशनल एसपी सहित अन्य अधिकारी भी बीना पहुंचे थे . इंटेलिजेंस की रिपोर्ट थी कि राष्ट्रीय दक्षिण भारतीय नदी संपर्क किसान संगठन के सदस्य,चैन्नई से नईदिल्ली जंतर-मंतर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे हैं, इसकी जानकारी लगते ही पुलिस को अलर्ट कर दिया गया और अलग-अलग स्टेशन पर टीम ने किसानों को उतार लिया . यह सभी किसान रिजर्वेशन कराकर नई दिल्ली जा रहे थे, जिससे इन किसानों की पहचान करने में पुलिस के लिए दिक्कत नहीं हुई .शहर में पुलिस का आना शुरू हो गया था, जो लोगों में चर्चा का विषय रहा, लेकिन शासन, प्रशासन ने यह जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचने दी . संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सीताराम ठाकुर ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांग की है कि जिस तरह से किसानों के साथ बुरा बर्ताव किया गया उसे रोका जाए, जिस प्रदेश में किसानों ने अपनी मेहनत से मध्य प्रदेश को अवार्ड दिलाया उसी मध्य प्रदेश में किसानों के साथ बुरा बर्ताव किया गया वह निंदनीय है, बुरा बर्ताव करने वालों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए .

## एक नजर में




### इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम संपन्न

**रहली.** नगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रियदर्शिनी इंदिरा काम्पलेक्स में कार्यक्रम आयोजित किया. कांग्रेस जनों ने श्रीमति इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया गया. इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुशील हजारी, दीपक जैन अध्यक्ष नगर कांग्रेस, प्रमोद सराफ एड., अनूप ददरया, संजय पटेरिया, प्रमोद नायक, सौरभ हजारी, महेंद्र ठाकुर, बिहारी पटेल, केशव पटेल, परसोत्तम पटेल, भोले अहिरवार, कमलेश गुप्ता, अंबर ददरया मौजूद थे.




### गौर नगर स्कूल में प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**सागर.** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा अभिनय तोष महिला बाल समिति, नवांकुर संस्था, एफपीएआई नगर प्रस्फुटन समिति दीनदयाल नगर के तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, एनआर पात्रा, साक्षी पांडेय, बाबूलाल रोहित, पुष्पा ठाकुर, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक जय सिंह उपस्थित थे. विद्यालय के छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से देश भक्ति सहित सामान्य जानकारी के सवाल पूछे गए और इन सवालों का त्वरित और सटीक जवाब देने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया. आभार चंद्रप्रकाश शुक्ला ने माना.



### आयुष ने विज्ञान मेला में मध्य क्षेत्र का किया नेतृत्व

**रहली.** सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र आयुष जैन ने अखिल भारतीय विज्ञान मेला मेरठ में मध्यक्षेत्र का नेतृत्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया. सफलता पर विद्यालय के द्वारा नगर में खुली जीप में शोभा यात्रा निकाली. आयुष की इस सफलता पर स्वागत किया. गांधी चौक बाजार में जैन समाज रहली के सदस्यों ने पुष्पहार से स्वागत किया और पुष्प वर्षा की.



### गांधी परिवार के बलिदान को भुला नहीं सकते

**बंडा.** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती कांग्रेस कार्यालय में मनाई. पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि विश्व में इंदिरा ने देश का रोशन किया. गांधी परिवार के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. इस दौरान सतीश यादव, भूपेन्द्र सिंह राजपूत ब्लाक अध्यक्ष, अशोक पापेट, महेंद्र कदांरी, मुकेश जैन ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर मेहताब सिंह, संतोष मिश्रा, आधार सिंह, गिरीश विश्वकर्मा, दीनू घुरैया, संतोष यादव, रामराज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे.

### खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग कल

**सागर.** जिले में अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन 21 नवम्बर को खेल परिसर मैदान में आयोजित की जाएगी. जिला एथलेटिक्सट एसोसिएशन की सचिव संगीता सिंह भदौरिया के द्वारा बताया गया कि दक्षिण एशियाई एथलेटिक्सी फेडरेशन के अध्यदक्ष डॉ. ललित भनोट के प्रयास से खेलों में महिलाओं की भगीदारी बढ़ाने के लिए महिला एथलेटिक्स लीग पूरे देश में शुरू होगी.

# चार बीएलओ व एक प्राथमिक शिक्षक का हुआ निलंबन

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में गंभीर लापरवाही और कर्तव्य में अनदेखी के चलते विधानसभा क्षेत्र सागर के चार बीएलओ और देवरी के एक शिक्षक को निलंबित कर दिया.**

जिनमें शरद मिश्रा, कर संग्राहक, नगर निगम मतदान केन्द्र क्रमांक 95 राधा शुक्ला, आशा कार्यकर्ता मतदान केन्द्र क्रमांक 207, भूपेन्द्र साहू, कर संग्राहक, ननि मतदान केन्द्र क्रमांक 68, श्रीमती अंजली अहिरवार, आंगनवाड़ी सहायिका मतदान केन्द्र क्रमांक 05 उक्त बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के सर्वे कार्य में गंभीरता न बरतते हुए लापरवाही किए जाने की पुष्टि हुई है. बीएलओ कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक शिक्षक प्रमोद चौबे को डीईओ अरविंद जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया. जारी पत्र में बताया गया कि देवरी के झुनकू ग्राम, के प्राथमिक शिक्षक श्री चौबे को देवरी में बीएलओ नियुक्त किया गया था.

# प्रभावी व्यक्तिव सफलता की गारंटी : कुलपति

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में व्यक्तित्व विकास संवर्धन पर आयोजित 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के समापन सत्र में मुख्य अतिथि रानी अवंतीबाई लोधी विवि के कुलगुरु प्रो. विनोद मिश्र ने प्रभावी व्यक्तित्व को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की गारंटी का मुख्य आधार बताया.**



कुलगुरु प्रो. मिश्र ने छात्राओं का आव्हान किया कि आप ही सृष्टि का आधार हैं इसलिए हर प्रकार की अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए अपने अंतनिर्हित गुणों को सँवारकर अपने व्यक्तित्व को प्रभावी बनाएँ ताकि परिवार और समाज भी लाभांवित हो सके. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने स्वागत भाषण दिया. जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा विनय मिश्रा ने कहा कि छात्राओं के लिए बहुत ही सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस दौरान जनभागीदारी समिति की सांसद प्रतिनिधि आशा सिलाकारी, विधायक प्रतिनिधि दीप्ति चंदेरिया ने संबोधित किया. कोर्स समन्वयक,डॉ. पद्मा आचार्य ने संचालन किया.

## दो ननि कर्मी निलंबित

**सागर.** नगर निगम आयुक्त सह अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर नगर निगम के दो कर्मचारी सहायक राजस्व निरीक्षक विजय कारपेंटर एवं प्रमोद हजारी को निलंबित करने तथा 2 कर्मचारी स्थाई कर्मी शाकिर अली एवं रविशंकर श्रीवास्तव का 5-5 दिन का वेतन काटने के आदेश किए है. आदेश में लेख किया गया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था. परंतु कार्य विशेष गहन पुनरीक्षण में रूचि न लेते हुये लापरवाही की जा रही है.

# बगैर भेदभाव वार्डों में विकास कार्य कराए

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. नगर निगम द्वारा आयोजित आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल कार्यक्रम का आयोजन महापौर श्रीमती संगीता तिवारी की उपस्थिति में मधुकरशाह और सिविल लाइन वार्ड में किया गया.**

महापौर ने कहा कि सिविल लाइन-मधुकर शाह वार्ड को जोड़ने वाले नाले का पक्का निर्माण कराया जिससे जलभराव की समस्या स्थायी रूप से समाप्त हो गई है.वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. डी.पी. चौबे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नागरिकों की समस्याओं का निराकरण होगा तथा योजनाओं का लाभ मिलेगा.




महापौर ने कई शिकायतों के मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए तथा अन्य मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा .सिविल लाइन पार्षद श्रीमती रोशनी खान ने कहा कि महापौर द्वारा सभी वार्डों में बिना भेदभाव करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं . कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ . सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, पार्षद श्रीमती रिचा सिंह, श्रीमती रुबी पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़िया,शैलेष जैन, रिशांक तिवारी, दुर्गेश यादव, आनंद तिवारी, महेश तिवारी, दीपिका मालवीय, रघुराज सिंह ठाकुर,शुभम नामदेव आदि मौजूद थे .

## विश्व धरोहर सप्ताह शुरू

**ललितपुर.** विश्व धरोहर सप्ताह पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी मंडल द्वारा नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में नेमवि के समस्त विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया. प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बुंदेलखंड की धरोहरों एवं स्मारकों का चित्रांकन किया एवं चित्रांकन के उपरांत प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया. मुख्य अतिथि डीएम सत्य प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डा.रमेश किलेदार, प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे. संचालन डा.प्रवीण सिंह ने किया.

# पत्रकार एकादश सेमीफाइनल में

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. गौर जयंती के उपलक्ष्य में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न खेल कूद गतिविधियों का आयोजन अब्दुल गनी खान स्टेडियम में किया जा रहा है.**

गौर उत्सव 2025 के सर्वप्रथम कार्यक्रम टी -20 मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता जिसका आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग एवं संबद्धता महाविद्यालय के तत्वाधान में हो रहा है. प्रतियोगिता शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ. अध्यक्षता प्रो. आशीष वर्मा ने की. प्रतियोगिता का पहला मैच विश्वविद्यालय ए टीम एवं पत्रकार एकादश के बीच हुआ टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया. विवि की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रन पर 19 वें में ऑल आउट हुई, मुकेश ने 26 रन, नवनीत ने 14 एवं पीयूष 10 रनों की पारी खेली. इस दौरान पत्रकार एकादश की ओर से गेंदबाजी करते दानिश एवं दर्पण ने 3-3 विकेट एवं अतुल तिवारी ने 2 विकेट लिए. इस प्रकार पत्रकार एकादश की टीम ने 7 विकेट जीत अर्जित कर सेमी फायनल में जगह बना ली है.



# नपाध्यक्ष ने किया वार्ड भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 19 नवम्बर. निरीक्षण अभियान के समापन पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नं. 17 मोहल्ला सिविल लाइन का वार्ड पार्षद कुंदन पाल,नपा की टीम सहित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया.**

नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों से उनकी समस्याओं को सुना. वार्ड में कई जगह वार्ड की गलियों में पालिका की नालियों पर अवैध अतिक्रमण पाया गया, जिससे नालियां चौक होने से उनकी साफ-सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी. निर्देशित किया गया कि समस्त नालियों पर हुए अतिक्रमण हो वह स्वयं ही हटा लें, अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण को हटाते हुए सामग्री जब्त कर ली जाएगी, वार्ड में अनेक स्थानों पर गंदगी पाई गई, जिस पर प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं स्वास्थ्य नायक को वार्ड में व्याप्त गंदगी को हटाये जाने के निर्देश दिए. वार्ड में अनेक गलियां ऐसी है जो जल निगम द्वारा द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है.

## महिला उद्यमिता दिवस

**राहतगढ़.** अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह एवं महिला उद्यमिता दिवस पर परिचर्चा का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में किया गया. कार्यक्रम प्रभारी डॉ भरत पटेल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारी भावना को बढ़ावा देना तथा आत्मनिर्भर भारत के मिशन को मजबूत कर ग्रामीण विकास मे सहकारिता की भूमिका को उजागर करना है. डॉ श्रीकांत रिंगे ने कहा-कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण होना चाहिए. डॉ ऋतु व्यास ने कहा कि महिला उद्यमिता के अंतर्गत महिलाओं के योगदान का सम्मान करना तथा सामने आने वाली चुनोतियों से निपटना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना होगा. इस दौरान संदीप जैन, प्रदीप यादव, छोटूराम सेन, आशीष रैकवार, रश्मि जैन, अनीता मालवीय, दीपशिखा नेमा, अनिल अहिरवार मौजूद थे.

# भागवत में भक्ति ज्ञान, वैराग्य व त्याग छिपा

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. सिद्ध क्षेत्र धर्मश्री बालाजी मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ.**

विधायक निवास पर पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय महाराज की अगवानी की गई. कथा आरंभ के पूर्व विधायक श्री जैन ने बालाजी मंदिर पहुंचकर पूज्य बालाजी सरकार का पूजन-अर्चन किया तथा श्रीमद्भागवत का पूजन सम्पन्न कराया. इसके पश्चात वे भागवत जी को अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा के साथ कथा स्थल तक पहुंचे. इंद्रेश उपाध्याय महाराज ने कहा कि भागवत में चार शब्द होते हैं जिनका अर्थ है, भ से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त से त्याग, यही भागवत के मूल तत्व हैं जो मनुष्य को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं.



महाराज श्री ने कहा कि आधुनिकता से देश विकास के पथ पर अग्रसर है लेकिन संस्कारों में कमी होती जा रही है . उन्होंने कहा कि हमारे बुंदेलखंड के लोग अत्यंत सरल स्वभाव के होते हैं . इस दौरान उन्होंने ग्रामीण कथा प्रसंग का संस्मरण सुनाते हुए स्पष्ट किया कि धर्म का पालन कठिन नियमों से नहीं बल्कि श्रद्धा और सरलता से होता है . उन्होंने कहा कि कर्म ऐसे करो कि आचार्य स्वयं बुलाकर आपको स्पर्श करें, उनकी दृष्टि स्वयं आप पर ठहर जाए और अपनी वाणी से आपको कृतार्थ करें . मीडिया प्रमुख श्रीकांत जैन ने बताया कि वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ . विनोद मिश्रा, पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, मनोज जैन, सुरेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे .

**तप कल्याणक** | सिरोंजा शांतिधाम पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में तप कल्याणक मनाया गया

# राग भी हो तो ऐसा हो कि वैराग्य में बदल जाए : पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज

नवभारत न्यूज

**सागर 19 नवम्बर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि राग भी हो तो ऐसा हो कि वैराग्य में बदल जाए. आचार्य श्री सिरोंजा शांतिधाम के शांतिनाथ जिनालय पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन तपकल्याणक पर धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे.**

उन्होने कहा कि लक्ष्मण का राग देखें तो राम के साथ वन को निकल गए थे. दिगंबर मुनि वैराग्य सुरक्षित रहे इसलिए निर्मल विहार करते हैं. निग्रंथ मुनि घूमने फिरने के लिए नहीं बना जाता है. उन्होने कहा कि दिगंबर मुनि के लिए सारी संपत्ति गौड़ है. उनकी तो रत्नत्रय संपत्ति है. उन्होने संयम, शांति और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा दी. आज महोत्सव में प्रभु ने विहार प्रारंभ कर दिया.बुधवार को मंगल प्रभात गीत के साथ दिव्य शुभारंभ हुआ. उपरांत शांति मंत्राराधना एवं जापकिय अनुष्ठान ने वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया. शांतिधारा, अभिषेक, जन्मकल्याणक पूजन एवं हवन जैसे दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुए. विनायक यंत्र पूजन तथा महाराजा विश्वसेन दरबार का आकर्षक आयोजन हुआ, जिसमें विवाह संस्कार, राजाभिषेक, राजतिलक और 32 हजार राजाओं द्वारा भेंट समर्पण जैसे दिव्य दृश्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहे. इसके बाद चौदह रत्न एवं नवनिधियों का वैभवशाली दर्शन और दिग्विजय यात्रा निकाली गई. दोपहर में जन्मोत्सव का आयोजन, जातिस्मरण, वैराग्योत्पत्ति, लौकान्तिक देवों का आगमन, दीक्षाभिषेक तथा दीक्षा पालकी का प्रस्थान हुआ. सांयकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पूर्व मंगल आरती, भक्ति, प्रवचन हुए. महोत्सव के मुख्य जजमान संतोष जैन घड़ी परिवार है. महोत्सव में सौधर्म बनने का सौभाग्य डॉ सतेंद्र श्रीमती रिचा जैन को प्राप्त हुआ है. भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य सुरेंद्र कुमार श्रीमती शीला जैन को मिला है. तपकल्याणक के दिन महोत्सव स्थल पर श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रही है. 20 नवम्बर को ज्ञान कल्याणक पर सुबह महा मुनिराज की आहार चर्या संपन्न होगी. दोपहर में समवशरण रचना और राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न होगा.

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ निलंबित

**सागर.** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर बीएलओ अरविन्द सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया. अरविन्द सिंह, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कालूखेड़ी को मतदान केन्द्र क्रमांक 70 कालूखेड़ी में बीएलओ नियुक्त किया गया था. उन्हें 29 अक्टूबर को तहसील कार्यालय बीना तथा 31 अक्टूबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना-सागर में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु उन्होंने दोनों प्रशिक्षणों में उपस्थिति नहीं दी.